# SHANTI MISSION ACADEMY

AFFILIATED TO CBSE DELHI, UPTO + 2 LEVEL

BARIAHI BAZAR, SAHARSA- 852212 (BIHAR)

TERM-II EXAMINATION 2025-26

SUB: - HINDI CLASS: IX F M - 80 TIME: - 3 HOURS

---

**सामान्य निर्देश :**

- **इस प्रश्न-पत्र में कुल 11 प्रश्न दिए गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **इस प्रश्न पत्र में चार खंड दिए गए हैं- खंड-'अ', खंड-'ब', खंड-'स' एवं खंड-'द'।**
- **खंड-'अ' तथा खंड-'ब' में बहुविकल्पीय तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं, खंड-'स' में वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे गए हैं तथा खंड-'द' में केवल दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे गए हैं।**
- **खंड-'अ' एवं खंड-'ब' के लिए 1 अंक निर्धारित किए गए हैं, खंड-'स' के लिए 1 अंक तथा 2 अंक निर्धारित किए गए हैं तथा खंड-'द' के लिए 4 अंक, 5 अंक तथा 6 अंक निर्धारित किए गए हैं।**
- **यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**

## खंड-'अ' (10 अंक)

## अपठित बोध

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **7**

विश्वास सफलता की वह चाबी है, जिससे आप अपने उज्ज्वल भविष्य का दरवाजा आसानी से खोल सकते हैं। आत्मविश्वास से भरा व्यक्ति अपनी क्षमता पहचान सकता है और उसके अनुरूप जीवन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर यथोचित उद्यम द्वारा उसे हासिल कर सकता है। स्वयं पर भरोसा हो, तो व्यक्ति अपनी योग्यता, सही तैयारी और अपेक्षित प्रयत्न के सहारे लक्ष्य तक पहुंच जाता है, पर आत्मविश्वास की कमी सभी उद्यमों को असफल बना सकती है। मनुष्य का जीवन सदा चुनौतीपूर्ण रहा है, क्योंकि प्रकृति में निरंतर एक संघर्ष चलता रहता है। इस संघर्ष में जीत हमेशा योग्यता की होती है, लेकिन बिना आत्मविश्वास की कोई योग्य नहीं बन सकता। आत्मविश्वास आते ही प्रगति की राह खुद-ब-खुद आसान हो जाती है।

- **बहुविकल्पीय प्रश्न : 1×3=3**

(1) आत्मविश्वास को किसकी चाबी माना है?

(क) सफलता की (ग) योग्यता की

(ख) आत्मविश्वास की (घ) कुशलता की

(2) संघर्ष में जीत किसकी होती है?

(क) योग्यता की (ग) वीरता की

(ख) कुशलता की (घ) सहयोग की

(3) योग्यता में मूलशब्द और प्रत्यय है –

(क) योग + ता (ग) योगय + ता

(ख) योग्य + ता (घ) उपयुक्त सभी

- **बोधात्मक प्रश्न : 2×2=4**

(4) आत्मविश्वास से भरा व्यक्ति की पहचान क्या होती है?

(5) मनुष्य का जीवन कैसा होता है?

2. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** 7

अब भी कुछ लोगों के दिल में, नफरत अधिक, प्यार है कम।
हम जब होंगे बड़े घृणा का, नाम मिटा कर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश!
जब हम होंगे बड़े देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश!
भ्रष्टाचार, जमाखोरी की आदत बहुत पुरानी है,
यह कुरीतियां मिटा हमें तो नई चेतना लानी है।
एक घरौंदे जैसा आखिर कितना और ढहेगा देश!
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश!
इसकी बागडोर हाथों में जरा हमारे आने दो,
थोड़ा-सा बस पांव हमारा, जीवन में टिक जाने दो।
हम कहते हैं शपथ, दुर्दशा नहीं सहेगा देश!
घोर अभावों की ज्वाला में कल से नहीं दहेगा देश!

- **बहुविकल्पीय प्रश्न : 1×3=3**

(1) कवि देश की परिस्थितियों के लिए कैसा विश्वास दिलाना चाहते हैं?

(क) सकारात्मक बदलाव का (ग) पुरानी चीजों को बदलने का

(ख) विचारधारा को बदलने का (घ) कार्य प्रणाली के बदलाव का

(2) देश में नई चेतना का संचार कब होगा?

(क) जब जमाखोरी दूर होगी (ग) जब भ्रष्टाचार दूर होगा

(ख) जब कुरीतियाँ मिटेगी (घ) जब सब शिक्षित होंगे

(3) **'कुरीतियों'** में प्रयुक्त उपसर्ग है –

(क) कुर् (ख) कु (ग) कुरी (घ) कुः

- **बोधात्मक प्रश्न : 2×2=4**

(4) देश की बागडोर हाथों में आने पर बच्चे क्या करने का आश्वासन देते हैं?

(5) '**हिंसा के विषमय प्रभाव**' से कवि का क्या आशय है?

**खंड-'ब' (16 अंक)**

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

3. **निर्देशानुसार 'उपसर्ग' एवं 'प्रत्यय' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **4×1=4**

(1) **'संयोग'** शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूलशब्द अलग कीजिए।

(2) **'सु'** उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए।

(3) **'नी'** प्रत्यय लगाकर दो नए शब्द बनाइए।

(4) **'लिखाई'** शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय और मूलशब्द अलग कीजिए।

4. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **1×4=4**

(1) **'मुरलीधर'** का समास-विग्रह कर समास का नाम बताइए।

(2) **'पेट भरकर'** समस्त पद बनाइए और समास का नाम लिखिए।

(3) कर्मधारय समास के दो उदाहरण लिखिए।

(4) अव्ययीभाव समास किसे कहते हैं?

5. **निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **1×4=4**

(1) शायद कल मैं नहीं आऊंगी- वाक्य भेद बताइए।

(2) परिश्रम करने वाले सफल होते हैं- संकेतवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए।

(3) वर्षा होने से अच्छी फसल होती है- निषेधात्मक वाक्य में बदलिए।

(4) प्रश्नवाचक वाक्य का दो उदाहरण लिखिए।

6. **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **1×4=4**

(1) मधुबन की छाती को देखो सूखी इसकी कितनी कलियां- अलंकार बताइए।

(2) तेरी बरछी ने बर छीने है खलन के- पंक्ति में निहित अलंकार बताइए।

(3) कितनी करुणा कितने संदेश- पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए।

(4) अलंकार के कितने भेद होते हैं? सारणीबद्ध करें।

## खंड-'स' (30 अंक)

## पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक

7. **निम्नलिखित पठित गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **1×5=5**

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई। मेरे परिवार में प्रायः 200 वर्षों तक कोई लड़की थी ही नहीं। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। उस समय समाज में लड़कियों की दशा शोचनीय थी। स्त्रियों को कोई सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक अधिकार नहीं था। लेखिका महादेवी वर्मा की मां स्वयं लिखती थी और पद भी गाती थी। उनकी मां विशेष रूप से मीरा के पद गाया करती थी। लेखिका को बचपन में उनकी मां ने संस्कृत और पंचतंत्र पढ़ना सिखाया। लेखिका जिस छात्रावास में पढ़ती थी वहां सुभद्रा कुमारी चौहान भी पढ़ती थी और दोनों एक साथ तुक मिलाकर कविताएं लिखती थी।

(1) लेखिका के घर का वातावरण कैसा था?

(2) लेखिका के जन्म के समय लड़कियों की दशा कैसी थी?

(3) लेखिका की मां किसके पद को गाती थी?

(4) लेखिका के साथ कौन छात्रावास में रहती थी?

(5) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

8. **गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए :** **2×3=6**

(1) प्रेमचंद का जूता फटने का लेखक को क्या कारण प्रतीत होता है?

(2) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को परिवर्तित कर दिया?

(3) **'दो बैलों की कथा'** के आधार पर लेखक का स्त्रियों के प्रति क्या दृष्टिकोण थाँ?

(4) वर्तमान समय में सुख की परिभाषा क्या है?

9. **निम्नलिखित पठित पद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **1×5=5**

क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदें
क्या दिमकों ने खा लिया है
सारी रंग बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
मदरसों की इमारतें
क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आंगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में?

(1) काम पर जाने से बच्चे किस सुविधा से वंचित है?

(2) बच्चों को काम पर जाते देखकर कवि के मन में क्या प्रश्न उभरे?

(3) अंतरिक्ष में क्या गिर गई है?

(4) मदरसा का शाब्दिक अर्थ लिखिए।

(5) उपर्युक्त पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखिए।

10. **पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए :** **2×3=6**

(1) बादल को आया देखकर बूढ़े पीपल ने क्या किया?

(2) रसखान का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(3) कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?

(4) कवि ने गांव को **'हरता जन-मन'** क्यों कहा है?

11. **पाठ्य पुस्तक 'कृतिका' के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए :** **4×2=8**

(1) **'रीढ की हड्डी'** पाठ के आधार पर रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

(2) **'मेरे संग की औरतें'** पाठ के आधार पर लेखिका की मां की व्यक्तित्व की विशेषताएं

लिखिए।

(3) प्राकृतिक आपदा से बचने हेतु उपाय सुझाइए।
(किन्हीं पांच उपायों का वर्णन कीजिए)

**खंड-'द' (20 अंक)**

**(रचनात्मक लेखन)**

**12 . निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :** **6×1=6**

**(1) विश्व में बढ़ता हुआ आतंकवाद**

**संकेत बिंदु :**

- आतंकवाद का तात्पर्य
- आतंकवाद बढ़ने के कारण
- आतंकवाद के दुष्परिणाम
- उपसंहार

**(2) भारत की सांस्कृतिक एकता**

**संकेत बिंदु :**

- सांस्कृतिक एकता का अर्थ
- अनेकता में एकता
- धर्मनिरपेक्षता
- उपसंहार

**13. नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में फैली हुई गंदगी से मुक्ति दिलाने का अनुरोध कीजिए।** **5×1=5**

**अथवा**

**शिमला में रहने वाली अपनी चचेरी बहन को पत्र लिखकर पुस्तक मेले में आने के लिए निमंत्रित कीजिए।**

**14. दो छात्रों के बीच बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर हुए संवाद को 30-40 लिखिए।** **4×1=4**

**15. दो दिनों के अवकाश हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को ई-मेल लिखिए।** **5×1=5**

(sma123@gmail.com)

*******************